क्रिकेट | इंटक खमरिया के तत्वावधान में खेले गए रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

इंडियन पोस्ट और जीएमसी सुहागी ने दर्ज की जीत

नवभारत, जबलपुर। सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय आर.एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में 21 अप्रैल 2025 को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में इंडियन पोस्ट ने टीम डायनेमिक को 6 विकेट से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में जी.एम.सी. सुहागी ने बम लहरी को पराजित किया।

ऋषि ने खेली 25 गेंदों पर 29 रनों की उपयोगी पारी

पहले मुकाबले में टीम डायनेमिक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 4 विकेट पर 72 रन बनाए। ऋषि ने 25 गेंदों पर 29 रनों की उपयोगी पारी खेली। जवाब में इंडियन पोस्ट ने 5 विकेट खोकर 73 रन बनाते हुए 6 विकेट से मैच जीत लिया। महेंद्र ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि सुरेंद्र ने 16 गेंदों में 29 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

बम लहरी की टीम 48 रन ही बना सकी

दूसरे मुकाबले में बम लहरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। जी.एम.सी. सुहागी की टीम ने 10 ओवर में 9 विकेट पर 78 रन बनाए, जिसमें अमित शुक्ला ने 18 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बम लहरी की टीम 10 ओवर में 8 विकेट खोकर केवल 48 रन ही बना सकी। जी.एम.सी. सुहागी के अमित शुक्ला ने 6 रन देकर 1 विकेट लिया और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

इनकी रही उपस्थिति

मुख्य अतिथि के रूप में इंटक यूनियन खमरिया के अनिल गुप्ता, महेंद्र रजक एवं जीवन सिंह उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में अनुपम भौमिक, जसवंत, भूपेंद्र एवं निखिल यादव ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम में यूनियन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें आनंद शर्मा, धर्मेंद्र रजक, जितेंद्र पांडे, रवि चंद्रा, सचिन दुबे सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

शहर के विकास को मिलेगी रफ्तार

▸ ननि-दूरसंचार विभाग के बीच समन्वय की नई पहल

जबलपुर। शहर के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ करने और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशों के पालन में सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन ने दूरसंचार विभाग के अधिकारियों के साथ एक आत्मीय बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना था। बैठक में दोनों विभागों से जुड़े लंबित तकनीकी और प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। सहायक आयुक्त ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में दूरसंचार लाइनों या बुनियादी ढाँचे के कारण कोई बाधा न आए, इसके लिए एक क्लीयरेंस प्रोटोकॉल तैयार किया जाएगा। सहायक आयुक्त के द्वारा सड़क खुदाई और मरम्मत के कार्यों के दौरान दूरसंचार सेवाओं में आने वाले व्यवधान को कम करने के लिए साझा कार्य योजना पर विचार किया गया। इसके अलावा मुआवजे के संबंध में भी चर्चा की गई। सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन ने बैठक में कहा कि निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार जी की प्राथमिकता शहर का सर्वांगीण विकास है, और इसमें दूरसंचार विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि निगम की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि शहर के डिजिटल और भौतिक स्वरूप में निखार आए।

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों / सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री प्रशांत कोष्टा रोशनी लेडीज टेलर्स, श्रीमती उमा बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10105533)	प्लॉट संख्या 41, खसरा संख्या 71, पीएच नं.- 79, आरएनएम मरहोताल, जबलपुर, मध्य प्रदेश, 483220 में स्थित संपत्ति का पूरा हिस्सा क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- क्षेत्रफल क्षेत्रफल- 520	रुपये 888692/- (रु. आठ लाख अठासी हजार छह सौ बानवे मात्र)	05-01-2026	20-04-2026
श्री राजेश सिरोठिया श्रीमती सुरेखा सिरोठिया (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10606506)	पटवारी हल्का संख्या 40, बामहोरी भट वार्ड संख्या 07, ग्राम बामोरी, तहसील बतियागढ़, जिला दमोह, मध्य प्रदेश-470880, भारत क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 1000.00, 640.00, 800.00	रुपये 398886/- (रु. तीन लाख अन्ठानवे हजार आठ सौ छियासी मात्र)	27-10-2025	18-04-2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** 225, नेपियर टाउन, दूसरा माला अपोजिट चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001 /या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- जबलपुर, दिनांक- 23-4-2026 **प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड**

बदमाशों का उपद्रव, गोल्ड जिम पर देर रात पथराव

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत कटंगा में बीती रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। कटंगा ब्रिज के ऊपर से तीन अज्ञात युवकों ने गोल्ड जिम को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ पथराव कर दिया। इस हमले में जिम के सामने का मुख्य कांच चकनाचूर हो गया, जिससे संचालक को करीब 50 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। विरोध करने पर बदमाशों ने संचालक को सरेराह जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अवतार कॉम्प्लेक्स निवासी कीरत सिंह बिन्द्रा (40) प्रॉपर्टी का व्यवसाय करता हैं और कटंगा स्थित गोल्ड जिम के मालिक रमनदीप सिंह रिंकू चोपड़ा के साथ जिम का प्रबंधन संभालते हैं। बीती रात करीब 1:40 बजे जब कीरत जिम बंद कर रहा था उसी दौरान कटंगा ब्रिज पर खड़े तीन अज्ञात लड़कों ने अचानक जिम की बिल्डिंग पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।

जब उसने युवकों को पत्थर फेंकने से रोका, तो आरोपी भड़क गए। आरोपियों ने कीरत सिंह को धमकी दी और फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

पुलिस क्षेत्र में लगे कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि उपद्रवियों की पहचान की जा सके।

सलाह देने पर छात्र की कार में तोड़फोड़

गढ़ा थाना अंतर्गत शक्तिनगर में एक छात्र को तेज रफ्तार कार चालक को सावधानी से गाड़ी चलाने की सलाह देना महंगा पड़ गया। बदमाशों ने न केवल छात्र के साथ बदसलूकी की, बल्कि उसकी कार पर पत्थरों से हमला कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।जानकारी के अनुसार शक्तिनगर सैनिक सोसाइटी निवासी सचिन जायसवाल अपनी मारुति डिजायर एमपी 20 जेड ए 8134 से घर का सामान लेने रामपुर चौक की ओर जा रहा था। बदनपुर मोड़ के पास सामने से आ रही एक बलेनो कार एमपी 20 सी एफ 6085 के चालक द्वारा लापरवाही से वाहन चलाने पर सचिन ने उन्हें गाड़ी धीरे चलाने को कहा। इतनी सी बात पर बलेनो सवार तीन युवक आगबबूला हो गए। कार सवार युवकों ने सचिन का रास्ता रोका झूमा-झपटी शुरू कर दी। दहशत फैलाने के उद्देश्य से आरोपियों ने सड़क किनारे पड़े पत्थरों से सचिन की कार पर हमला बोल दिया, जिससे गाड़ी के कांच टूट गए और काफी नुकसान हुआ।

मेहनताना मांगने पर महिला को सड़क पर घसीटा, पीटा, सीसीटीवी में कैद हुई बर्बरता

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत शिवनगर में एक रसूखदार महिला ने मेहनताना मांगने पर अपनी पूर्व घरेलू सहायिका की न केवल बेरहमी से पिटाई की, बल्कि उसे बीच सड़क पर बाल पकड़कर पटका और जान से मारने की धमकी भी दी। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसके आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पूनम वर्मन निवासी शिवनगर की बंगलों में साफ-सफाई का काम कर अपना गुजर-बसर करती है, वह आरोपी अंजू पाण्डेय के यहाँ काम करती थी। दो महीने का वेतन न मिलने के कारण पूनम ने वहां काम छोड़ दिया था। 1 अप्रैल को जब वह अपने हक के पैसे मांगने अंजू के घर पहुँची, तो आरोपी महिला अपना आपा खो बैठी।अंजू पाण्डेय ने पहले पूनम से अभद्रता कर दीं। जब पूनम ने विरोध किया, तो आरोपी महिला ने उसे सड़क पर घसीटा और बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। इस बर्बरता के कारण पूनम के सिर और शरीर पर गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं।

घटना के समय वहां मौजूद हीराबाई और रजनी वर्मन ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपी का गुस्सा शांत नहीं हुआ। पूनम ने बताया कि मारपीट के बाद आरोपी महिला ने उसे डराया कि यदि वह थाने गई तो उसे जान से खत्म कर दिया जाएगा। इसी डर के कारण पीड़िता कुछ दिनों तक खौफ में रही, लेकिन आखिरकार न्याय की उम्मीद में उसने कल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की जिसके बाद अधारताल थाना पुलिस ने आरोपी अंजू पाण्डेय के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

चाय की चुस्की पड़ी भारी

जबलपुर। बरगी नेशनल हाईवे-34 पर मुंबई से यूपी जा रहे एक परिवार को एक होटल पर रोककर चाय की चुस्की लेना उस वक्त भारी पड़ गया जब अज्ञात चोरों ने कार के अंदर से नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरिकेश चौरसिया मुंबई में टैक्सी ड्राइवर हैं वे अपनी कार एम एच 01 ई एम 7219 से परिवार के साथ अपने गृह जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश जा रहे थे। शाम करीब 6:30 बजे वे बरगी स्थित सिद्धिविनायक होटल के सामने रुककर चाय पीने लगे। चाय पीने के दौरान कार का लॉक खुला रह गया था। कार की सीट पर उनकी पत्नी प्रीति चौरसिया का पर्स रखा था। जब परिवार चाय पीकर वापस आया, तो सीट से पर्स गायब देख उनके होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी जब पर्स नहीं मिला, तब मामले की सूचना पुलिस को दी गई। चोरी गए पर्स में 5000 नकद, दो जोड़ी चांदी की पायल और दो जोड़ी स्टील की पायल रखी हुई थी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस होटल और हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

जमीन के लालच में बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा, गला दबाने की कोशिश

▸ कलयुगी बहू और पोती की करतूत

जबलपुर। खमरिया थाना अंतर्गत आमाखोह में संपत्ति और ट्रैक्टर के हिस्से को लेकर एक बहू और पोती ने मिलकर अपनी ही बुजुर्ग दादी को बेरहमी से पीटा बल्कि गला दबाने की कोशिश की।

पुलिस के मतुताबिक आमाखोह निवासी शांति बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पांच बच्चे हैं, जिनमें से दूसरे नंबर के बेटे का आठ साल पहले निधन हो चुका है। शांति बाई अपने पति सोनीलाल और छोटे बेटे छोटे यादव के साथ रहती हैं। उनके पास 4 एकड़ कृषि भूमि और एक ट्रैक्टर है, जिसे उनका छोटा बेटा चलाता है और घर का भरण-पोषण करता है। इसी संपत्ति पर बड़ी बहू श्यामा बाई और उसकी पोती अंजली यादव की नजर थी। बीती रात करीब 9:30 बजे श्यामा बाई और अंजली यादव, शांति बाई के घर पहुंचीं विवाद करते हुए हिस्से की मांग करने लगीं। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटा बेटा सब कुछ हड़प रहा है। जब बुजुर्ग शांति बाई ने दो टूक कहा कि जब तक मैं और मेरे पति जीवित हैं, बंटवारा नहीं होगा, मेरा छोटा बेटा मेरी सेवा कर रहा है इसलिए जमीन वही संभालेगा, तो बहू-पोती आगबबूला हो गईं। विवाद के दौरान पोती अंजली यादव ने अपनी ही दादी का गला पकड़ लिया, वहीं बहू श्यामा बाई ने उन्हें जोरदार धक्का दिया, जिससे वे जमीन पर गिर पड़ीं। इस हमले में बुजुर्ग महिला के दोनों घुटनों में गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर छोटे बेटे और बहू रानू यादव ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, तब कहीं जाकर बुजुर्ग की जान बची। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

एमआर के खातों से उड़ाए 1.45 लाख

जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत देवताल में एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) को साइबर ठग ने निशान बनाया और दो अलग-अलग बैंकों के खातों से 1 लाख 45 हजार रुपये उड़ा लिए। चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ित के पास पैसे कटने का न तो कोई मैसेज आया और न ही उनसे कोई ओटीपी मांगा गया। पुलिस के अनुसार स्वामी वीरेन्द्रपुरी वार्ड, देवताल रोड निवासी 45 वर्षीय विभाष कुमार जैन पेशे से एमआर हैं।

8 लाख लूट कांड के आरोपी हुए ईनामी

जबलपुर। बेलखेड़ा थाना अंतर्गत गुबराकला में 25 मार्च को घर में घुसकर परिवार पर हमला करने के बाद आठ लाख रूपए नकद और जेवर की डकैती डालने के मामले में फरार आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक ने पांच-पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित कर दिया है। विदित हो कि अनुभव बहुनिया (23) निवासी गुबराकला का 25 मार्च को वे अपनी बाइक से खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव के इंद्रकुमार का पुत्र ऋषिकांत चौधरी ने अपनी स्कॉर्पियो से अनुभव को तेजी से ओवरटेक करते हुए खतरनाक कट मारा था। उसने ऋषिकांत को टोकते हुए कहा कि थोड़ा संभलने का समय दो, तो दबंगई दिखाते हुए ऋषिकांत ने उसे देख लेने की धमकी दी और वहां से निकल गया था। धमकी के ठीक दो घंटे बाद, सुबह 11 बजे आरोपी ऋषिकांत अपने पिता इंद्रकुमार चौधरी, आकाश लोधी, अभिराज लोधी और करीब 7-8 नकाबपोश साथियों के साथ अनुभव के घर पहुंचा था। सभी घातक हथियार से लैस थे जिन्होंने परिवार पर हमला कर दिया था जिसमें अनुभव उसके चाचा रामनारायण, पिता रामनरेश, दादी मानू बाई, मां अभिलाषा, को चोटें आई थी। इसके बाद आरोपियों ने महिलाओं के गले से सोने के हार और मंगलसूत्र छीन लिए थे। अलमारी का ताला तोडक़र 7-8 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए थे। मामले में इंद्रकुमार चौधरी उर्फमुन्ना चौधरी 54 वर्ष, ऋषिकांत चौधरी पिता इंद्रकुमार चौधरी उर्फमुन्ना चौधरी 27 वर्ष दोनों निवासी ग्राम गुबराकला बेलखेड़ा, आकाश लोधी निवासी ग्राम सोनाचर बेलखेड़ा, अभिराज लोधी निवासी शहपुरा पर पांच-पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है।

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के (कार्य) मंडल रेल प्रबंधक (समन्वय) निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम-डब्ल्यू-जेबीपी-55-2026, दिनांक 15.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप-मंडल के अंतर्गत मैहर डिपो में रेलवे के ट्रैक गिट्टी आईएस/आरडीएसओ-जीई/0001:2023 विनिर्देशन के अनुसार 65 एम.एममशीन क्रश हार्ड और ड्यूरेबल ट्रैक स्टोन गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और लोडिंग, जिसमें सभी लीड, लिफ्ट, कर, रॉयल्टी, शुल्क आदि शामिल हैं।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 5,72,68,500/-, **बयाना राशि रुपये :** 11,45,400/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम-डब्ल्यू-जेबीपी-56-2026, दिनांक 16.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण), जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के संबंध में, सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 52Kg/60Kg/90UTS/R-260 रेल की इन-सीटू वेल्डिंग का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,50,16,609/-, **बयाना राशि रुपये :** 3,00,300/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी आर. एम.-डब्ल्यू-जेबीपी-57-2026, दिनांक 16.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** कटनी- सतना और खजुराहो- कैमोर खंडः - एलएचएस संख्या जेके-6 और 379/ए पर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के साथ जल निकासी की सुविधा के लिए स्वचालित जल निकासी पंप द्वारा एलएचएस की जल निकासी प्रणाली में सुधार, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 21,96,568/-, **बयाना राशि रुपये :** 43,900/-, **समापन अवधि :** 03 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी आर. एम.-डब्ल्यू-जेबीपी-58-2026, दिनांक 16.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत इटारसी-जबलपुर सेक्शन में कुल 1533 जोडों में मोबाईल फ्लैश वेल्डिंग का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,77,90,786/-, **बयाना राशि रुपये :** 3,55,800, **समापन अवधि :** 12 माह, **सभी निविदाओं की भरने की अंतिम तिथि एव समय 15.00 बजे :** 12/05/2026, **सभी निविदाओं की खुलने की अंतिम तिथि एंव समय 15. 15 बजे :** 12/05/2026 उपरोक्त ई निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट-https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे (कार्य) जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई. निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी. निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

हस्ता.
मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)

मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग

कार्यालय मुख्य अभियंता

रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

ज्ञाप क्र. 11/आर/सा-2/2026-27 दिनांक :- 03/04/2026

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मे जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है-

सं. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रुपए में)	धरोहर राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में)	कार्य पूर्ण करने अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	01/सा./मु अ/ 2026-27 दिनांक 08/04/2026 (प्रथम आमंत्रण)	बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 130.670 कि.मी. से आर.डी. 135.500 कि.मी. एवं सडूमर शाखा नहर, रेनुका वितरण नहर एवं अमोदा वितरण नहर का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	रू. 25.22 लाख (रू. पच्चीस लाख बाईस हजार मात्र) (एम.पी. डब्ल्यूआर.डी., यू.सी.एस.आर. 15/07/2024 पर लागू)	रु. 50000/- (रू. पचास हजार मात्र)	रु. 5000/- (रू. पांच हजार मात्र)	09 माह (वर्षाकाल सहित)
2.	02/सा./मु अ/ 2026-27 दिनांक 08/04/2026 (प्रथम आमंत्रण)	सडूमर शाखा नहर की आर.डी. 1.08 कि.मी. से निकलने वाली डुंगरिया वितरण नहर की कुल लम्बाई 23.50 कि.मी. का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	रू. 13.48 लाख (रू. तेरह लाख अडतालीस हजार मात्र) (एम.पी. डब्ल्यूआर.डी., यू.सी.एस.आर. 15/07/2024 पर लागू)	रु. 27000/- (रू. सत्ताईस हजार मात्र)	रु. 2000/- (रू. दो हजार मात्र)	09 माह (वर्षाकाल सहित)

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in. का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनाँक एवं समय दिनांक 27.04.2026, 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दशार्या जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता
रानी अवती बाई लोधी सागर परियोजना
बरगी हिल्स, जबलपुर

जी.- 11892/26 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

लोककर्म विभाग

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का विवरण	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO - 94 Date:- 22/04/2026 2026_UAD_501837_1	नगर निगम जबलपुर के वार्ड क्र 72 के कचनार सिटी के जैन मंदिर के पास महावीर पार्क से मुख्य मार्ग की ओर आर सी सी पुलिया एव नाली निर्माण कार्य (CM Monit-A+)	02 माह / रु. 04.24 लाख	2000/- / 4240/-	07/05/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.)

E-mail-ID- cmosihora@mpurban.gov.in फोन नं.- 07624-230030

क्रं./न.पा./2026/1303 **ई - निविदा आमंत्रण सूचना** सिहोरा, दिनांक :- 22/04/2026

एतद द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम एवं विवरण	प्राक्कलन राशि (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा फार्म का शुल्क	श्रेणी	समयावधि	बिड़ सबमिट करने की अंतिम तिथि
2026_UAD_502185_1	नगर में विभिन्न वार्डो में वाटर कुलर स्थापित किये जाने का कार्य (Item Rate as Specified in BOQ and Tender Document)	4,80,000/-	4800/-	2000/-	Government e-Procurement System में पंजीकरण (Registration) और GST पंजीकरण (Registration) आवश्यक है।	1 माह	11/05/2026

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिहोरा

रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे के द्वारा **रीवा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन** को दिनांक 23.04.2026 से रेगुलर गाड़ी में परिवर्तित कर चलाया जाएगा, जिसका विवरण निम्न है:-

गाड़ी संख्या 20154/20153 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस

परिचालन का दिन एवं दिनांक: गाड़ी सं. 20154 रीवा से **(प्रत्येक गुरूवार)**-दिनांक 23.04.2026 से एवं वापसी में गाड़ी सं. 20153 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से **(प्रत्येक शुक्रवार)** दिनांक 24.04.2026 से:-

ठहराव: सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण, दादर

कोच संरचना वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01, वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी-01 वातानुकुलित तृतीय श्रेणी-04, द्वितीय श्रेणी शयनयान-12 सामान्य कोच-04, एसएलआर-02

गाड़ी सं. 20154 रीवा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस		गाड़ी सं. 20153 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-रीवा
आगमन-प्रस्थान	स्टेशन	आगमन-प्रस्थान
D.15.50 (Thu)	रीवा	A.09.45(Sat)
16.55-17.00	सतना	07.40-07.45
17.25-17.27	मैहर	07.03-07.05
18.05-18.10	कटनी	06.10-06.15
19.40-19.50	जबलपुर	04.55-05.05
20.48-20.50	नरसिंहपुर	03.23-03.25
21.18-21.20	गाडरवारा	02.48-02.50
21.53-21.55	पिपरिया	02.13-02.15
23.20-23.30	इटारसी	01.15-01.25
00.22-00.24	हरदा	00.03-00.05
02.02-02.05	खंडवा	22.43-22.45
04.05-04.10	भुसावल	20.15-20.20
04.35-04.37	जलगांव	19.38-19.40
06.38-06.40	मनमाड	17.53-17.55
07.42-07.45	नासिक रोड	16.58-17.00
10.57-11.00	कल्याण	14.22-14.25
11.52-11.55	दादर	13.42-13.45
A.12.20(Fri)	सीएसएमटी	D.13.30(Fri)

पश्चिम मध्य रेल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

FOLLOW US @wc_railway West Central Railway West Central Railway Official